YOUNG INDIA > YOUNG PAPER
NBT
नवभारत टाइम्स

मुंबई में जन्मे 'कीवी' एजाज से पाक हारा
p14

#MeToo पर प्रीति के बयान से विवाद
p16

नोएडा > मंगलवार, 20 नवंबर 2018 > कार्तिक 29 शक संवत 1940 कार्तिक शुक्ल द्वादशी षष्ठी विक्रम 2075
नोएडा
पेज 20* > मूल्य 3.00 या 7.00 रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित
www.nbt.in

अटल जयंती पर श्रीगणेश कराने की तैयारी

25 दिसंबर को पीएम कर सकते हैं जेवर एयरपोर्ट का शिलान्यास

Shyam.Vir@timesgroup.com

■ ग्रेटर नोएडा : जेवर में प्रस्तावित एयरपोर्ट का पीएम नरेंद्र मोदी 25 दिसंबर को शिलान्यास कर सकते हैं। अधिकारिक सूत्रों की मानें तो 25 दिसंबर को अटल जयंती के मौके पर इसका शिलान्यास कराने की तैयारी है। साथ ही इसका नाम भी अटल जी के नाम पर किया जा सकता है। वहीं, ग्रेटर नोएडा मेट्रो का लोकार्पण भी अगले माह पीएम के हाथों होने की संभावना जताई जा रही है। चर्चा है कि दोनों काम एक ही दिन किए जा सकते हैं। ऐसे में जमीन अधिग्रहण से लेकर टेंडर तक की प्रक्रिया में अचानक तेजी लाई गई है। सोमवार को भी लखनऊ में इस संबंध में बैठक हुई।

जेवर में एयरपोर्ट के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर जिला प्रशासन और यमुना अथॉरिटी बेहद तेजी से काम कर रही है। हाल ही में लखनऊ में जिले की तीनों अथॉरिटी के अधिकारियों और डीएम के साथ सीएम ने बैठक कर जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया में लगने वाले समय को कम करने को कहा था। इसी को देखते हुए डीएम बीएन सिंह ने कलेक्ट्रेट में किसानों के साथ गुरुवार को बैठक कर कहा था कि दो माह में होने वाली प्रक्रिया को वह 15 दिन में निपटा देंगे। उन्होंने यह भी बताया कि सीएम ने कहा है कि पीएम इसका शिलान्यास कर सकते हैं। साथ ही आने वाले लोकसभा चुनाव से पहले इसका शिलान्यास करने की योजना है।

- लखनऊ में सोमवार को हुई इस संबंध में बैठक
- एयरपोर्ट को दिया जा सकता है अटल जी का नाम

अटल जयंती पर होगा बड़ा कार्यक्रम

सूत्रों के अनुसार फरवरी के बाद कभी भी लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लग सकती है। लिहाजा उससे पहले एयरपोर्ट की प्रक्रियाओं को अधिकारी पूरा कर लेना चाहते हैं। इसके लिए 25 दिसंबर खास होगा। इस दिन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म दिन भी है। अटल जयंती पर सरकार बड़ी आयोजन करना चाहती है। यूपी में इसके लिए जेवर को चुनने की योजना है। सूत्रों के अनुसार सब कुछ ठीक रहा तो अटल जयंती पर शिलान्यास कर इसके नए नाम की भी घोषणा हो सकती है। अभी इसका नाम नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट है। वहीं, नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो का ट्रायल भी तब तक पूरा हो जाएगा।